दिनांक : 30.05.2024

समय : 02.10pm

आकाशवाणी भोपाल

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के लिए पिछले दो महिने से अधिक समय से जारी चुनाव प्रचार का शोर आज शाम थम जाएगा। एक जून को सातवें और अंतिम चरण का मतदान होगा। इसके पहले आज प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दल प्रचार में जुटे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के होशियारपुर में रैली में कांग्रेस पार्टी और आई.एन.डी.आई गठबंधन पर स्वार्थ और वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि ये लोग देश का बड़ा नुकसान कर रहे हैं॰ इस बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पंजाब एवं उत्तर प्रदेश के चुनावी प्रवास पर हैं। इस दौरान वह तीन लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित करेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज ओडिशा के बालेश्वर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिमुलिया में एक विशाल सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल और भाजपा के बीच आपसी राजनीतिक लाभ के लिए एक छिपी हुई साझेदारी है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भी विभिन्न जिलों में रोड शो कर रहे हैं। बिहार में राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव पटना और तेजस्वी यादव अन्य सीटों पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

मतगणना तैयारियां

चार जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रदेश में तैयारियों का दौर जारी है। विदिशा में मतगणना की जिला मुख्यालय पर तैयारियों संबंधी बैठक में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य और राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों और अभ्यर्थियों को मतगणना के संबंध में निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशो की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले की पांचो विधानसभाओं के ईव्हीएम मतो का गणना कार्य शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेडी में किया जाएगा। शिवपुरी जिले में मतगणना की तैयारी अंतिम चरण में है। पीजी कॉलेज में होने वाली मतगणना को लेकर गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण 31 मई को छत्री रोड स्थित शासकीय पोलिटेक्निक कॉलेज शिवपुरी में आयोजित किया जाएगा। खण्डवा में श्री हुकुमचंद यादव शासकीय नवीन आदर्श स्नातक महाविद्यालय नहाल्दा में मतगणना होगी। इस दौरान शांति और सुरक्षा के लिए धारा–144 के तहत मतगणना स्थल परिसर के 100 मीटर क्षेत्र में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित किया है।

मानसून

मौसम विभाग ने बताया है दक्षिण–पश्चिम मानसून केरल में प्रवेश कर चुका है और आज पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून तय तिथि एक जून से दो दिन पहले ही आ गया है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अगले दो से तीन दिनों में कर्नाटक, तमिलनाडु और पुडुचेरी सहित दक्षिण भारत के शेष हिस्सों में मानसून की शुरुआत के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि उप–हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम सहित पूर्वोत्तर भारत के सभी हिस्सों में भी मानसून दस्तक देगा। मौसम विभाग ने सूचित किया है कि आज से भीषण गर्मी की तीव्रता में कुछ कमी आ सकती है। डॉ. महापात्र ने बताया है कि दक्षिण पश्चिमी हवाओं के कारण उत्तर–पश्चिम भारत में बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

गर्मी

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। लेकिन आने वाले दो तीन दिनों में इससे राहत मिलती दिखाई देगी। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के उत्तरी हिस्से में तीव्र लू चल रही है वहीं दक्षिणी हिस्सों के जिलों में लू की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि हवाओं का रुख बदलने लगा है। दक्षिण–पश्चिम से लेकर पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इसका ज्यादा असर अभी दक्षिणी हिस्सों में दिख रहा है जिसके चलते तापमान में गिरावट आई है। वर्तमान में हिमाचल के पास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ रहा है। आज एक नए पश्चिमी विक्षोभ के भी उत्तर भारत की तरफ बढ़ने के आसार हैं। इससे हवाओं का रुख

बदलने से तापमान में कुछ गिरावट होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर–चंबल, मालवा–निमाड़ में भीषण गर्मी के साथ लू का रेड अलर्ट जारी किया है।

हिंदी पत्रकारिता दिवस

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा शुरू किए गए प्रथम हिन्दी समाचार पत्र "उदन्ड मार्तण्ड" के प्रकाशन से प्रारम्भ हुई। यह दिन सत्य और साहस के साथ जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करने वाले हिंदी पत्रकारों के विशेष योगदान को समर्पित है। उदन्त मार्तण्ड का हिन्दी प्रकाशन भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ। समाचार पत्र से भारत में पत्रकारिता के एक नए युग की शुरुआत हुई और बाद में समाज और संस्कृति पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। इससे पत्रकारिता के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ी और नागरिकों को सही जानकारी प्रदान करने में हिंदी समाचार पत्रों का महत्व बढ़ा।

विधानसभा सत्र

मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र एक जुलाई से शुरू होगा। इसके लिए आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह सत्र 19 जुलाई तक चलेगा।